हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
HEMVATI NANDAN BAHUGUNA GARHWAL UNIVERSITY
श्रीनगर गढवाल (उत्तराखण्ड)–246174
SRINAGAR GARHWAL (UTTARAKHAND) - 246174
केन्द्रीय विश्वविद्यालय
A CENTRAL UNIVERSITY

पत्रांकः– कु॰स॰का॰ / 2021 / 91 दिनांक 21 / 05 / 2021

कार्यालय आदेश

विश्वविद्यालय की एम्बुलेन्स जो कि वर्तमान में मुख्य छात्रावास अधीक्षक के नियंत्रणाधीन संचालित है, के समुचित रख–रखाव, ईधन व्यवस्था एवं एमबुलेन्स चलाने हेतु वाहन चालकों की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु श्री आशुतोष बहुगुणा, जन सम्पर्क अधिकारी को अधिकृत किया जाता है। किसी भी चिकित्सीय आकस्मिकता की स्थिति में त्वरित एम्बुलेन्स चिकित्सीय सेवायें उपलब्ध करवाये जाने के उद्देश्य से जन सम्पर्क अधिकारी उक्त एम्बुलेन्स को आवश्यक चिकित्सा उपकरणों से संचित किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

उक्त एम्बुलेन्स चालक की जिम्मेदारी श्री सुन्दर नाथ रावल, वाहन चालक की होगी। चिकित्सीय आकस्मिकता की स्थिति में जन सम्पर्क अधिकारी विश्वविद्यालय के किसी भी उपलब्ध वाहन चालक की ड्यूटी इस हेतु लगा सकेंगे। किसी भी आपातकालीन चिकित्सा की स्थिति में जन सम्पर्क अधिकारी द्वारा उक्त एमबुलेन्स की उपलब्धता (24X7) सुनिश्चित की जानी होगी। तद्नुसार किसी भी चिकित्सीय आकस्मिकता की स्थिति में विश्वविद्यालय के कर्मचारी अथवा छात्रों द्वारा एम्बुलेन्स की उपलब्धता हेतु जन सम्पर्क अधिकारी (मो॰ 9412079898 एवं ई–मेल aprohnbgu@gmail.com) से सम्पर्क किया जा सकता है।

साथ ही सभी वाहन चालकों को आदेशित किया जाता है कि वे जन सम्पर्क अधिकारी से आदेश मिलने पर तुरन्त एम्बुलेन्स को लेकर अपने गनत्वय के लिये प्रस्थान करेंगे, .अगर पहले से उनकी ड्यूटी कहीं भी लगी है तो वे उसे छोड़ कर पहले जन सम्पर्क अधिकारी द्वारा दी गयी ड्यूटी का पालन करेंगे। जन सम्पर्क अधिकारी, एम्बुलेन्स भेजने से पहले मुख्य छात्रावास अधीक्षक से अनुमति लेकर एम्बुलेन्स को भेजना सुनिश्चित करेंगे।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया जाता है।

आज्ञा से,
कुलपति

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. श्री अशुतोष बहुगुणा, जन सम्पर्क अधिकारी।
2. श्री सन्दर नाथ रावत, वाहन चालक / समस्त वाहन चालक।
3. प्रभारी वाहन व्यवस्था।
4. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष।
5. अधिष्ठाता छात्र कल्याण / नियंता / मुख्य छात्रावास अधीक्षक / पुस्तकालयाध्यक्ष।
6. परिसर निदेशक (टिहरी / पौड़ी / चौरास) / निदेशक आई॰क्यू॰ए॰सी॰।
7. संयुक्त कुलसचिव / समस्त उप कुलसचिव / सहायक कुलसचिव।
8. अधिशासी अभियन्ता / समस्त सहायक अभियन्ता / कोर्डिनेटर डाटा प्रोसेसिंग सेन्टर।
9. सिस्टम मैनेजर को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
10. सोशल मीडिया चैंपियन / सुरक्षा अधिकारी / प्रभारी, उप कार्यालय देहरादून।
11. निजी सचिव, कुलपति, माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
12. नोटिस बोर्ड।

धनमोहन 21/5/21
कृते कुलसचिव